मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के छात्रों से मिले वी.यू. कुलपति

मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठे छात्र–छात्राओं से कुलपति प्रोफेसर सीता प्रसाद तिवारी मिले। इस बैठक में संचालक अनुसंधान, संचालक शिक्षण, संचालक विस्तार सेवाएं, अधिष्ठाता, अधिष्ठाता संकाय प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

माननीय कुलपति महोदय ने छात्र–छात्राओं की मांगों को नहीं सिर्फ अपने संज्ञान में लिया परंतु त्वरित उन मांगों को शासन तक सही माध्यम से पहुंचाने हेतु एक कमेटी का गठन किया गया जिसमें संचालक शिक्षण डॉक्टर सुनील नायक को अध्यक्ष बनाया गया तथा समिति में सदस्यों के तौर पर डॉक्टर विश्वजीत रॉय, डॉक्टर अजीत प्रताप सिंह तथा डॉ. एस.के. महाजन को आदेशित किया कि छात्र हित में अभिलंब काम करें। माननीय कुलपति महोदय द्वारा छात्रों को आश्वासन दिया गया कि जिस प्रकार पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय की छात्रों की मांग सरकार तक पहुंचाई तथा उस पर कार्य किया गया इसी प्रकार मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं के भी हित में विश्वविद्यालय प्रशासन कार्यरत है तथा हर संभव प्रयास करेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि हुए आगामी 17 जुलाई 23 को ही भोपाल जाकर शासन से छात्रों की मांगों के सिलसिले में मिलने जाऊंगा।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर